उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

संख्या-135/08/तीन(परी0-1)2019/खण्ड-1

लखनऊः दिनांक-12 जुलाई, 2019

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 22-परीक्षा/2016 द्वारा सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2016 (II) के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के विज्ञापित विभिन्न प्रकार के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक- 28 जुलाई, 2019 (रविवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक जनपद लखनऊ व कानपुर नगर में एक पाली में आयोजित की जाएगी।

इस सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा आयोग द्वारा पूर्व में दिनांक- 15 जुलाई, 2018 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा तिथि के पूर्व आवेदकों को परीक्षा तिथि से अवगत कराने की सूचना संख्या- 16/02/कम्प्यूटर-अनुभाग/2017/22-परीक्षा/2016, दिनांक- 15 जून, 2018 एवं परीक्षा योजना में संशोधन सम्बन्धी सूचना संख्या- 19/02/कम्प्यूटर-अनुभाग/2017/22-परीक्षा/2016, दिनांक- 26 जून, 2018 को प्रकाशित की गयी थी। आयोग की बैठक दिनांक- 17 मई, 2019 में उक्त विज्ञापन संख्या- 22-परीक्षा/2016 द्वारा सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2016 (II) से सम्बन्धित लिखित परीक्षा दिनांक- 15 जुलाई, 2018 को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया। इस आशय की सूचना विज्ञप्ति संख्या- 123/01/तीन(परी-01)2018/खण्ड-1/टी0सी0-1, दिनांक- 30 मई, 2019 को प्रकाशित की गई थी।

आयोग की बैठक दिनांक- 22 जून, 2018 में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त विज्ञापन से सम्बन्धित, दिनांक- 28 जुलाई, 2019 को होने वाली परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि मूल विज्ञापन में प्रकाशित पाठ्यक्रम यथावत् रखते हुए पाठ्यक्रम के प्रथम प्रश्नपत्र में वर्णित भाग-1, सामान्य बुद्धि परीक्षण, भाग-2 सामान्य ज्ञान, भाग-3 सामान्य विज्ञान तथा अंकगणित एवं द्वितीय प्रश्नपत्र के सामान्य हिन्दी भाग को समेकित करते हुए दो प्रश्नपत्रों के स्थान पर तीन घण्टे तीस मिनट का एकल प्रश्नपत्र (दोनों पालियों का एक साथ) निम्न परीक्षा योजना के अनुसार होगा-

चरण	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
प्रथम चरण	भाग-1 (A) सामान्य बुद्धि परीक्षण	25	50	तीन घण्टा तीस मिनट
	(B) सामान्य ज्ञान	50	100	
	(C) सामान्य विज्ञान तथा अंकगणित	75	150	
	भाग-2 सामान्य हिन्दी	25	50	
	योग	**175**	**350**	
द्वितीय चरण	साक्षात्कार	-	50	
	कुल योग	**-**	**400**	

परीक्षा का पाठ्यक्रम वही होगा जो पूर्व में विज्ञापन संख्या- 22-परीक्षा/2016 के अन्तर्गत तथा सूचना दिनांक- 15 जून, 2018 के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया है।

(बिपिन कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक